വിജയപഥം

കൊട്ടാരക്കര വിദ്യാഭ്യാസ ജില്ല

**SSLC PRE MODEL EXAMINATION 2022-23**

Third Language

# HINDI

**STD. X**

**Time : 90 Minutes**
**Maximum Score : 40**

---

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

---

**सूचना - ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया । दोनों छठीं में आ गये । यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।
> “साहिल अब तुम कहाँ पढोगे ? ” बेला ने पूछा।
> “और तुम कहाँ पढोगी बेला ? ” साहिल ने पूछा।
> “मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढाएँगे और तुम ?
> “ मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे । वहाँ एक होस्टल है , घर से दूर वहाँ आकेला रहूँगा ।“

1. राजकीय कन्या पाठशाला में कौन पढ़ने जाती है ? 1

(क) साहिल (ख) बेला (ग) सभी बच्चे (घ) बेला का दोस्त

2. “साहिल अब तुम कहाँ पढोगे ? ” ' **साहिल** ' के बदले ' **बेला** ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

“बेला अब तुम कहाँ ................. ? ” 1

3. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना - ' आई एम कलाम के बहाने ' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 4 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते हुए मुझे अपना बचपन बहुत याद आया। क्योंकि यह फ़िल्म भी उन्हीं बिलोमों के बारे में बात करती है जिनसे मेरे बचपन के सब किस्से बने हैं। हमारा नायक 'कलाम' चाय की दुकान में काम करता है।

4. 'आई एम कलाम' फिल्म देखते हुए किसको अपना बचपन बहुत याद आया? 1

5. 'बाँछें खिल जाना' मतलब क्या है ? 1

(क) दुखित होना (ख) प्रसन्न होना

(ग) लज्जित होना (घ) हताश होना

6. ' मेरे ' में निहित सर्वनाम शब्द कौन–सा है? 1

7. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| ' आई एम कलाम ' फिल्म का निदेशक | कलाम |
| फिल्म का नायक | रणविजय |
| मिहिर का मित्र | नील माधव पांडा |
| कलाम का मित्र | मोरपाल |

**सूचना - ' सबसे बड़ा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 8 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी।

8. चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। कैसे? 2

9. ' दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।' –उपर्युक्त अंश के आधार पर रपट तैयार करें। 4

**अथवा**

चार्ली चैप्लिन की जन्म तिथि 16 अप्रैल है। इस अवसर पर आपके स्कूल में उनके फिल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है। इसकी सूचना देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना - ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है।

10. ' गंदा पानी ' में विशेषण शब्द कौन–सा है? 1

11. गंगी झुकी कि घड़े को पकड़कर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया। शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। 'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा।' – यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मूँह से क्यों की गई है? 2

12. गंगी पानी लेने ठाकुर के यहाँ गयी। लेकिन पानी न ले सकी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला गंदा पानी पी रहा है। इस प्रसंग के आधार पर जोखू और गंगी की बातचीत कल्पना करके लिखें। 4

**सूचना - ' दिशाहीन दिशा ' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> वहाँ आकर अविनाश के मन में न जाने क्या भावुकता जाग आई कि उसने एक नज़र पानी पर डाली, एक दूर के किनारों पर, और पूर्णता चाहने वाले कलाकार की तरह कहा कि कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हममें से कोई कुछ गा सकता।

13. ”कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हम में से कोई कुछ गा सकता“ यह किसने कहा? 1

14. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाना लगा। (ख) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाने लगा।

(ग) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गानी लगी। (घ) बूढ़ा मल्लाह गज़ल गाने लगी।

15. वाक्य पिरामिड़ की पूर्ति करें। 2

(ताल में, भोपाल)

अब्दुल जब्बार खेता है।

अब्दुल जब्बार नाव खेता है।

.........................................

..................................................

**सूचना - ' गुठली तो पराई है ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 16 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> गुठली रोने लगी, तो बुआ ने डॉटा, “क्या शादी के घर में मनहूसियत फैला रही है? ” तभी माँ अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पर लिख दिया।

16. शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। क्यों? 1

(क) कार्ड में माँ का नाम नहीं था। (ख) कार्ड में भाई का नाम नहीं था।

(ग) कार्ड में गुठली का नाम नहीं था। (घ) कार्ड में बुआ का नाम नहीं था।

17. शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। गुठली की उस दिन की डायरी तैयार करें। 4

**अथवा**

शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। उस दिन के अनुभवों का विवरण करते हुए गुठली अपनी सहेली के नाम पत्र लिखती है। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

**सूचना - ' बच्चे काम पर जा रहे हैं ' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 18 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
> सुबह–सुबह
> बच्चे काम पर जा रहे हैं
> हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
> भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
> लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
> काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?

18. हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह। – भयानक पंक्ति क्या है? 1

19. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

**अथवा**

कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- सुबह–सुबह बच्चे काम पर जा रहे हैं।
- कवि के अनुसार इसे विवरण की तरह लिखा जाना चाहिए।
- कोहरे से ढ़ँकी सड़क पर बच्चे स्कूल जा रहे हैं।
- बालश्रम समाज की एक गंभीर समस्या है।
- कवि के अनुसार इसे सवाल की तरह लिखा जाना चाहिए।
- आज भी कई बच्चे किताब, खिलौने आदि से वंचित है।

********** ■ ***********